हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 23 जुलाई 2025

07 ठेकेदार ने बुद्ध स्तूप के पास हरित क्षेत्र को पोकलेन ...



08 दस्तक अभियान की शुरुआत, कुपोषित...





## खबर संक्षेप

### 1 अगस्त से बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य होगी

**विदिशा।** सरकारी कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति की नई व्यवस्था लागू की जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। एक अगस्त से सभी सरकारी कर्मचारियों को बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। यह नियम फील्ड विजिट पर जाने वाले कर्मचारियों पर भी लागू होगा। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में थंब मशीन लगाई जाएगी। एसडीएम और तहसीलदारों को अपने कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पटवारी, राजस्व निरीक्षक और अन्य राजस्व विभाग के अधिकारी पंचायत स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अगस्त माह से कर्मचारियों के वेतन बिल के साथ बायोमेट्रिक उपस्थिति रिपोर्ट भी जोड़ी जाए। कलेक्ट्रेट कार्यालय में यह व्यवस्था पहले से लागू है। यहां 66 कर्मचारियों का पंजीयन हैं।

### हिउस महिला मंडल की कार्यकारिणी गठित



**विदिशा।** स्टेशन स्थित सिद्धेश्वरी दरबार में हिंदू उत्सव समिति की बैठक में महिला मंडल की कार्यकारिणी गठित की गई। हिउस अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी एवं महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति जैन की अनुशंसा 25 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 23 उपाध्यक्ष, 6 महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, 22 मंत्री, 2 सहमंत्री, 3 संगठन मंत्री, 1 प्रवक्ता, विधि सलाहकार एक व तीन मीडिया प्रभारी बनाए गए।

### 500 छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति साइकिल रैली

**विदिशा।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत मंगलवार को एक्सीलेंस स्कूल से 500 छात्रों ने साइकिल रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने जागरुक किया। यह रैली दुर्गा नगर चौराहे तक निकाली गई। कार्यक्रम में उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात रेंज) भोपाल ओपी त्रिपाठी मौजूद रहे। इसके अलावा एसपी रोहित काशवानी, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली टीआई आनंद राज, महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। उप महानिरीक्षक त्रिपाठी ने कहा कि नशा शरीर और भविष्य दोनों को बर्बाद करता है।

### मानोरा को मिली 50 लाख की सौगात, बनेगा भव्य मंगल भवन

**ग्यारसपुर।** विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयासों से मानोरा में 50 लाख की लागत से मंगल भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है। जगदीश स्वामी रथ यात्रा में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए यह मांग की गई थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने इस पर सहमति दी। यह भवन धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री प्रहलाद पटेल और विधायक रघुवंशी का आभार जताया है।

---

**शिकायत के बाद** थर्ड लैग के नीचे हुए अतिक्रमण को हटाने पहुंचा अमला

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम और अफसरों से रहवासियों ने की झड़प

ब्रिज के नीचे एक ही तरफ से आवागमन चल पाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अरिहंत विहार कॉलोनी के रहवासियों की शिकायत के बाद प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की तो अतिक्रमणकारी आग बबूल हो गए और अफसरों के साथ ही झगड़ने लगे। इस दौरान एसडीएम क्षितिज शर्मा, नपा सीएमओ दुर्गेश ठाकुर के साथ सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों की जमकर बहस हुई।

सोमवार को कॉलोनी के रहवासियों ने नगरपालिका और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। इसमें ब्रिज के नीचे से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी। मंगलवार को नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी दस्ता कार्रवाई करने कॉलोनी पहुंचा। टीम ने कॉलोनी गेट से गल्ला मंडी गेट तक सड़क से अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान एक जगह विवाद हुआ। जब अमले ने सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को जेसीबी से हटाना शुरू किया तो निर्माण कार्य करा रहे लोगों ने विरोध किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल और एसडीएम मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को दो घंटे का समय दिया। उन्हें कहा गया कि वे अपनी सामग्री खुद हटा लें, नहीं तो जब्ती की कार्रवाई होगी। ब्रिज के निर्माण के बाद से स्थानीय लोगों ने एक तरफ वाहन, दुकानें और सामान रखकर कब्जा कर लिया था। इससे एक ही तरफ से यातायात चल पा रहा था। जिससे रोज जाम की स्थिति बनती थी। कॉलोनीवासियों को परेशानी होती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिर्फ अतिक्रमण हटाने से समस्या हल नहीं होगी। ब्रिज के नीचे डिवाइडर बनाना जरूरी है। इससे आने-जाने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी और जाम से बचा जा सकेगा। पुरानी कृषि उपज मंडी होने के कारण ब्रिज के नीचे की सड़क पर अब भी यातायात अधिक रहता है, लेकिन आवागमन एक ही तरफ से चालू है ब्रिज के दूसरी ओर कई लोगों ने अतिक्रमण कर अपनी- अपनी सामग्री और गुमठियां रख ली हैं। जिसके कारण यातायात जाम की स्थिति बनती है।



**विदिशा।** कार्रवाई के दौरान एसडीएम से बहस करते अतिक्रमणकारियों को समझाइश देते एसडीएम क्षितिज शर्मा।

---

# पुलिस ने 2 चोरियों का किया पर्दाफाश, 2 आरोपी गिरफ्तार

**9 लाख का माल** बरामद, चोरी में प्रयुक्त वाहन जब्त

### तकनीकी विश्लेषण व सीसीटीवी फुटेज के सहारे सुलझी वारदातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो बड़ी चोरी की वारदातों का खुलासा कर दिया है। दोनों चोरियों का करीब 9 लाख का माल बरामद कर पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सीसीटीवी फुटेज के सहारे गिरफ्त में आए। उनके पास से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, टीवी और वारदातों में प्रयुक्त बाइकें जब्त की गईं।

### ऐसे चढ़े पुलिस के हत्थे

टीम ने करीब 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही निगरानी बदमाशों से पूछताछ की गई। मुखबिर की सूचना पर दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी रोहित रजक, पिता राजेस रजक (23) निवासी चांदबाड़ी, छोलामंदिर, भोपाल, ग्यानी शंकर, पिता ग्यानेश्वर मोहदे (24) निवासी गांधीबाग नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 2 सोने की झुमकी, 1 सोने का सुई-धागा, 1 सोने का मंगलसूत्र, 2 सोने की अंगूठी, 5 जोड़ी चांदी की पायल, 1 चांदी की करधौनी, 7 चांदी के सिक्के सहित बाइक बरामद की गई है। दूसरे प्रकरण में 1 सेमसंग टीवी, चांदी की पायल और बिछूड़ी व बाइक बरामद हुई।

### मुखर्जीनगर में सात लाख की चोरी

फरियादी रामकृष्ण रघुवंशी निवासी मुखर्जीनगर ने 19 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी से करीब 7 लाख रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। दूसरे मामले में फरियादिया रेखा लोधी निवासी नाना का बाग भगत सिंह कॉलोनी ने रिपोर्ट दी कि उनके सूने मकान से चोर सेमसंग टीवी और चांदी के आभूषण सहित करीब 2 लाख का सामान चोरी कर ले गए हैं।

---

### आउटसोर्स कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**विदिशा।** जिले के आउटसोर्स, अंशकालीन, दैनिक वेतन भोगी और पंचायत स्तर के कर्मचारियों ने मंगलवार को लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। रैली निकालकर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कर्मचारी वर्षों से विभागों में सेवा दे रहे हैं, लेकिन न तो उन्हें नियमित किया जा रहा और न ही तय मानदेय मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कलेक्टर दर 12,800 रुपए प्रति माह तय है, लेकिन ठेकेदार मनमर्जी से केवल 5-6 हजार ही दे रहे हैं। पीएफ, ईएसआई और बोनस की सुविधाएं भी नहीं दी जा रहीं। आउटसोर्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि ठेकेदार शोषण कर रहे हैं। तय दरें सिर्फ कागजों में हैं। मांगें नहीं मानी तो राज्यस्तरीय आंदोलन होगा।

## तांबे के ऑक्सीजन पाइप चोरी का पर्दाफाश, पुलिस ने 2 आरोपी गिरफ्तार किए, 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने अस्पताल से चोरी हुए तांबे के ऑक्सीजन पाइप चोरी करने वाले दोनों चोरों को दबोच लिया है। 20 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की दोपहर करीब 3 बजे जिला अस्पताल के ऑक्सीजन फिल्टर कक्ष से तांबे के ऑक्सीजन पाइप चोरी हो गए हैं। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी कैमरे खंगले।

निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने करीब 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी सुमित मालवीय पिता श्रीराम मालवीय (22 वर्ष) निवासी पटेल गार्डन के पास पानबाग विदिशा और सोनू कुशवाह पिता केशरी सिंह (24 वर्ष) निवासी पटेल गार्डन के पास पानबाग के पास से तांबे पाइप और एक हाथौड़ी जब्त की गई है।

### एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त किया



**ग्यारसपुर।** माला देवी मंदिर तक जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग एवं स्मार्ट मीटर से आ रहे गरीबों के भारी बिलों को लेकर धरने पर बैठे जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी ने दोपहर के बाद धरना समाप्त किया। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय ने जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क के गड्ढे भरने का काम शुरू कराया जाएगा। बारिश समाप्त होते ही सड़क निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली के भारी बिलों को लेकर भी जिले के अधिकारियों से बातचीत हो गई है। स्मार्ट मीटर से लोगों के अधिक बिल आ रहे हैं। उस समस्या को लेकर भी बैठक की जाएगी।

---

## सिलवाय खजूरी में पंचायत भवन के निर्माण स्थल को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम पंचायत सिलवाय खजूरी में नवीन पंचायत भवन के निर्माण स्थल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने सरपंच द्वारा मनमाने तरीके से पंचायत भवन को पुराने स्थान से हटाकर अन्यत्र बनवाए जाने का विरोध किया है। मंगलवार को ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे और जनपद पंचायत और जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। उन्होंने मांग की है कि नया पंचायत भवन पुराने स्थान पर ही बनाया जाए, जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है और व्यावहारिक रूप से भी उपयुक्त है।

### प्रस्तावित स्थल 2 किमी दूर, पहुंचना मुश्किल

ग्रामीणों ने बताया कि नए प्रस्तावित स्थल तक पहुंचना बेहद मुश्किल है क्योंकि यह पुराने स्थान से लगभग 2 किमी दूर है। बीच में नदी भी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्णय बिना ग्रामसभा की सहमति से लिया गया है। पूर्व पंचायत भवन वर्ष 1999 से ग्राम की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 138/2 पर स्थित है। यह स्थान मुख्य सड़क पर होने के कारण सिलवाय खजूरी और नरखेड़ाघाट के निवासियों के लिए सुगम है।

### पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिलाएं अब भी आजाद

**विदिशा।** शिवानंद कॉलोनी निवासी रेखा विश्वकर्मा ने मंगलवार को एसपी को आवेदन देकर पति भारत सिंह विश्वकर्मा की आत्महत्या के लिए दो महिलाओं को जिम्मेदार ठहराया है। रेखा के अनुसार दो महिलाएं जिनके नाम पुलिस को बता दिये हैं ने भारत सिंह को ब्याज पर पैसा देने के बाद मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पहले ही उनसे 55 हजार और 53 हजार रुपए ले चुकी थीं। फिर 35 और 30 हजार की मांग कर स्कूटी और दोना-पत्तल मशीन भी जबरन ले गईं। 10 जून को भारत ने फेसबुक पर पोस्ट कर आत्महत्या की बात कहते हुए दोनों को जिम्मेदार ठहराया और उसी दिन फांसी लगा ली।

### रॉयल सिटी कॉलोनी में किशोरी ने की आत्महत्या

**विदिशा।** रॉयल सिटी कॉलोनी में एक 13 साल की नाबालिग से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात करीब 9.30 बजे की बताई जा रही है। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं लग सकी है। किशोरी के पिता इलेक्ट्रिकल का व्यापार करते हैं वहीं मां कॉलेज प्रोफेसर बताईं जा रही हैं। पूरे प्रकरण में पुलिस ने अब जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि किशोरी ने कोई सुसाइट नोट छोड़ा है या नहीं।

## लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई के लिए पूर्व विधायक ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधानसभा क्षेत्र विदिशा के ग्राम बेहलोट में तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ हुए सड़क निर्माण में भारी लापरवाही सामने आई है। पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत की है।

ठेकेदार द्वारा अधूरे छोड़े गए निर्माण के चलते क्षेत्रवासियों को आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और वाहन चालकों की जान जोखिम में है। ठेकेदार की कंपनी ने बेहलोट मार्ग पर अब तक केवल गिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ दिया है। खासतौर पर पुलिया के समीप लगभग 150 मीटर मार्ग अब भी कच्चा पड़ा हुआ है, जो बरसात में कीचड़ से लथपथ हो जाता है। 21 जुलाई को हुई हल्की वर्षा के बाद एक बोलेरो कच्चे मार्ग में फिसलकर पुलिया के किनारे जा फंसी।

इसी दौरान दो अन्य बाइक सवार ग्रामवासी बलवीर और हल्केराम भी फिसलकर गिर पड़े, जिन्हें चोटें आईं। ठेकेदार ने सड़क के बीचोंबीच मिक्सचर मशीन भी लावारिस हालत में छोड़ दी है। जिससे आवागमन बाधा हो रही है।

---

**राजनीतिः** जिला भाजपा कार्यकारिणी की सूची 25 जुलाई तक होगी फाइनल

# सिर्फ विधायकों की अनुशंसा पर ही पदाधिकारी बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भाजपा की जिला कार्यकारिणी में शामिल होने वाले नामों की सूची 25 जुलाई तक अंतिम रूप लेकर प्रदेश कार्यालय पहुंच जाएगी।

संभागीय संगठन प्रभारी कांतदेव सिंह ने विदिशा पहुंचकर जिले के पांचों विधायकों के साथ बैठक करके अपने-अपने नाम का सुझाव देने के बारे में बताया। इस बैठक में 21 जुलाई तक नाम देने के निर्देश दिए गए थे। अंदरूनी जानकारी प्राप्त हुई है कि जिला कार्यकारिणी में सिर्फ विधायकों की अनुशंसा वाले नाम ही शामिल किए जाएंगे। इसी बैठक में यह भी तय हो गया है कि जिला पदाधिकारियों में महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता सहित मीडिया प्रभारी व कार्यालय मंत्री सिर्फ विधायकों की अनुशंसा पर ही बनाए जाएंगे। जिला कार्यकारिणी सदस्य के पद पर भी लगभग विधायकों के नाम ही शामिल होंगे। संतुलन बनाने के लिए पार्टी में वरिष्ठता और लंबी सक्रियता वालों को महज सदस्य बनाकर जगह दी जा सकती है।

संभागीय संगठन प्रभारी ने भी बैठक में स्पष्ट कर दिया है कि सिर्फ विधायकों की अनुशंसा पर ही पदाधिकारी बनाए जाएंगे। अब इसके अलावा दिल्ली और प्रदेश स्तर तक पकड़ रखने वाले ही बमुश्किल कार्यकारिणी में शामिल हो पाएंगे।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं में नहीं बचा उत्साह

मंडल कार्यकारिणी से लेकर जिला कार्यकारिणी में शामिल होने के लिए पूर्व के वर्षों में कार्यकर्ताओं में जो जोश नजर आता था इस बार वह पूरी तरह गायब है। कोई भी कार्यकर्ता पदाधिकारी बनने के लिए किसी भी तरह की लॉबिंग करता नजर नहीं आ रहा है। भाजपा जैसे मजबूत संगठन के लिए यह अच्छा संकेत नहीं है। नेताओं की लगातार मनमानी से यह जगजाहिर हो गया है कि पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा का यहां पर कोई मूल्य नहीं है। सिर्फ नेताओं की चमचागिरी करने वालों को ही पदों पर बैठाया जा रहा है।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3201
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2700
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2445
उच्चतम भाव-2480
चना
न्यूनतम भाव-4760
उच्चतम भाव-6095
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3425
उच्चतम भाव-3617
धान
न्यूनतम भाव-1460
उच्चतम भाव-2910
मसूर
न्यूनतम भाव-4480
उच्चतम भाव-8650
सरसों
न्यूनतम भाव-3925
उच्चतम भाव-8200
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-4356
मूंग
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-7500
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5145
धनिया
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6620
तुअर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5440
बटरी
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-4500
मक्का
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10596 बोरे उपज की आवक हुई।

## आरोपी के साथ लिव इन में रहती थी महिला, मृतका पहले से थी शादीशुदा

# शादी से इंकार पर प्रेमी को शक, कहीं छोड़ न दे, महिला व पुत्री की ली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



दो बार की शादीशुदा जिंदगी के बाद तीसरी बार अपने प्रेमी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला और उसकी तीन वर्षीय पुत्री की बीती रात उसके ही प्रेमी ने हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं शव को परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 31 वर्षीय रामसखी कुशवाह और उसकी तीन वर्षीय बेटी मानवी, अनुज उर्फ राजा विश्वकर्मा के साथ पिछले छह माह से बरेठ रोड स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पास शशि विश्वकर्मा के मकान में किराए से रह रही थी।

बताया जाता है कि रामसखी मूलत सिरोंज के पास महू गांव की रहने वाली थी। जिसकी शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व स्वरूप नगर में भगवान सिंह नामक व्यक्ति से हुई थी। जिसकी मृत्यु शादी के कुछ समय पश्चात हो जाने के बाद रामसखी ने बिस्काबली निवासी बादल सिंह कुशवाह के साथ विवाह का अनुबंध कर लिया और उसके साथ रहने लगी। जिससे उसकी दो पुत्री थीं। जिसमें बडी पुत्री 7 वर्षीय तनु जो बचपन से ही अपनी नानी के घर ग्राम महू में रहती है एवं दूसरी बेटी 3 वर्षीय मानवी जो मृतका के साथ रह रही थी। रामसखी अपने दूसरे पति बादल सिंह से अलग होने के बाद अनुज उर्फ राजा विश्वकर्मा के साथ लिव इन रिलेशनशिप में पिछले 6-7 माह से बरेठ रोड पर रहने लगी थी। अनुज उर्फ राजा रामसखी से शादी करना चाहता था और अकसर उससे शादी की बात कहता तो वह इंकार कर देती थी। जिससे उसे शक था की रामसखी उसको छोड़कर किसी और के साथ चली जाएगी। इसी बात को लेकर उनके बीच लड़ाई झगड़े होते रहते थे। वहीं रामसखी अपनी 3 साल की मासूम बेटी के साथ भी बेरहमी से मारपीट करती थी। घटना वाली रात में भी राजा और रामसखी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसी को लेकर गुस्से में अनुज ने पहले मानवी और फिर बाद में रामसखी को भी मौत के घाट उतार दिया।

सूत्रों के अनुसार घटना के बाद सुबह आरोपी ने स्वयं पुलिस थाने में समर्पण किया था। सूचना के बाद एसडीओपी शिखा भलावी, टीआई संजय बेदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों मां बेटी के शव को परीक्षण के लिए भेजकर घटना स्थल की जांच पडताल शुरू कर दी। इस मामले से पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी को अवगत कराते हुए विदिशा से एफएसएल टीम को बुलवाया गया, जिसने घटनास्थल की सूक्ष्मता से जांच करते हुए साक्ष्य एकत्रित किये।

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में फैल रही नशे के दुष्प्रभाव के प्रति युवाओं को जागरूक करना और एक नशा मुक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ना है।

इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति भारत अभियान के प्रभारी अधिकारी घनश्याम चौकसे, डॉ. बिंदेश शुक्ला (सहायक प्राध्यापक) अभिषेक सिंह (क्रीड़ा अधिकारी) मुख्य वक्ता के रूप में मनीष दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह यह व्यक्ति के शरीर, मन, परिवार और भविष्य को बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि अपने परिवार, मित्र, पड़ोस ,मोहल्ले, गांव, नगर के साथ संपूर्ण समाज को नशा मुक्त करने में योगदान दें। समाज में नशे के साथ-साथ अन्य सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भी NSS के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभाएं। डॉ. बिदेश शुक्ला ने छात्र- छात्राओं से अपील की कि वह नशे से दूर रहे।

इसमें NSS के स्वयंसेवक अंजलि झा, पुष्पेंद्र रैकवार, हर्ष राठौर, धर्मेन्द्र गुर्जर, पीयूष कुशवाह एवं शिवराज खागर ने सराहनीय भूमिका निभाई। आयोजन की तैयारी, संचालन और सहभागिता में पूर्ण समर्पण के साथ काम किया। जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। कार्यक्रम के अंत में अभियान प्रभारी अधिकारी घनश्याम चौकसे द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाई गई एवं आभार व्यक्त किया गया।

## पुण्यतिथि पर आयोजित नेत्र शिविर में 115 नेत्र रोगियों की आखें हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर सुनील बाबू पिंगले वाषिक जन्मोत्सव समिति के संकल्प के अनुरूप 9 वां रचनात्मक कार्यक्रम नेत्र शिविर का आयोजन स्वर्गीय अनिल विपट की पुण्य स्मृति में किया गया। जिसे सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया।

इसमें डॉ राजकरण वर्मा एवं अभिषेक जादौन पिंकू जादौन ने लगभग 115 नेत्र रोगियों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीकों को बतालाया। वहीं दूसरी और 47 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया। 19 मरीजों को मोतिया बिन्द चिन्हित किया गया और 24 लोगों को चश्मे वितरित किए गए और 33 लोगों को चश्मे के नंबर निकाले गए। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी। वरिष्ठ समाज सवी गणेश राम रघुवंशी, डॉ एके जैन ने कहा कि सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा का एवम डॉ राजकरण वर्मा एवम पिंकू जादौन का पुष्प हार एवम शॉल श्री फल पहना कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के पूर्व अध्यक्ष आबिद हुसैन कल्लू मामा, वरिष्ठ पत्रकार यशपाल यादव, सुरेन्द्र भारद्वाज ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शिविर में हेमंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया ने अपना सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक और नेत्र रोगी मौजूद थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




न्यायालय अनुराग द्विवेदी, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पॉक्सो न्यायालय बासौदा ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 4 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी / एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री के पिता ने थाना उपस्थित होकर सूचना दी थी कि दिनांक 10.04.2024 को रात्रि 9 बजे घर के सारे लोग खाना खाकर सो गए थे और लगभग 2 बजे अभियोक्त्री की नानी उठी तो देखा कि अभियोक्त्री अपने बिस्तर पर नहीं थी। फिर सभी लोगों ने अभियोक्त्री को तलाश किया परंतु अभियोक्त्री नहीं मिली। अभियोक्त्री को कोई व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उक्त सूचना पर से थाना नटेरन में अपराध की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियोक्त्री के दस्तयाब होने के पश्चात उसके धारा 164 द.प्र.रा. के कथन संबंधित न्यायालय में हुए थे तथा अभियोक्त्री अपने साथ हुई घटना के संबंध में परिजन को बताया था। अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण उपरांत व अनुसंधान उपरांत न्यायालय में नटेरन पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। प्रकरण में अनुसंधान / विवेचना उपनि दिव्या पाराशर एवं सहा उपनि रणवीर सिंह जाट के द्वारा की गई थी। न्यायालय में विचारण के दौरान पीडिता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए। उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 363 भादवि में 03 वर्ष की सजा, 366 भादवि 03 वर्ष की सजा एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा एवं 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष की सजा एवं कुल 4000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### बोरास घाट से आरंभ हुई कांवड़ यात्रा



**गंजबासौदा।** ग्राम घटेरा के 30 से अधिक कांवडियों ने नर्मदा नदी के बोरास घाट से कावड़ यात्रा शुरू कर दी है। यह यात्रा बोरास घाट से उदयपुर नीलकंठेश्वर मंदिर में गुरुवार 24 जुलाई हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर पहुंचेगी। जहां कांवडिए अपने साथ लाए मां नर्मदा के जल से नीलकंठ मंदिर उदयपुर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इन कांवडियों का जगह जगह भव्य स्वागत किया जा रहा है।

### विहिप की बैठक संपन्न, कार्यकारिणी का हुआ गठन

**गंजबासौदा।** प्रखंड त्योंदा के खंड पिपराहा के ग्राम पिपराहा मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक प्रखंड सह मंत्री आकाश कुशवाह, वीरेंद्र की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमे खण्ड की कार्यकारणी गठित की गई। जिसमें उमेश अवस्थी को खंड अध्यक्ष, अंकित राजपूत को उपाध्यक्ष, हर्ष मिश्रा मंत्री, दीपक कुशवाहा सह मंत्री, दिव्यांश कुर्मी बजरंग दल संयोजक, राधेश्याम कुर्मी सहसंयोजक, मानू कुर्मी सहसंयोजक, सौरभ दांगी बलोपासना प्रमुख, राम गोपाल ठाकुर सुरक्षा प्रमुख, ऋतिक कुर्मी गौ रक्षा प्रमुख, कुलदीप कुशवाहा, को विधार्थी प्रमुख का दायित्व दिया गया।



### मंगलवार को हुई बारिश से मिली राहत

**गंजबासौदा।** करीब एक सप्ताह के लंबे अंतराल के बाद मंगलवार से इलाके में मानसून की मेहरबानी शुरू हो गई है। जिससे किसानों और लोगों को राहत मिल गई है। मंगलवार को दोपहर बाद आसमान पर गहराई घटाओं से पहले नगर में कुछ समय अच्छी बारिश हुई, इसके बाद देर शाम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में झमाझम बौछारें पडीं। इस बारिश से फसलों को काफी लाभ होगा और किसान अब नियमित बारिश की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि फसलों की दवाओं एवं कीटनाशकों का छिडकाव किया जा सके।

### रघुवंशी समाज के श्रद्धालुतन कर रहे हैं शिवार्चन समारोह

# शिव जैसा परमार्थी दूसरा देव नही: प्रहेमानंद शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रघुवंशी समाज के 175 श्रद्धालुओं का एक जत्था इन दिनों सोमनाथ दर्शनों के लिए गया है। जिनमें से करीब 75 जोडों द्वारा वहां शिवलिंग बनाकर शिव अभिषेक एवं शिवार्चन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिव ऐसे देव है जिनकी कृपा सरलता से प्राप्त की जा सकती है।उक्त कार्यक्रम मे मुरली सिंह रघुवंशी सनाई मुख्य यजमान हैं जो पूरी श्रद्धाभाव से भक्ति में लीन होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पं प्रहेमानंद जी शास्त्री है जो शिवार्चन कराते समय सभी यजमानो का मन मोह लेते हैं।

आचार्य प्रहेमानंद शास्त्री ने शिवार्चन कराते हुए कहा कि भगवान महादेव जैसा परमार्थी और बैरागी कोई दूसरा देव नहीं है। भगवान शिव की करुणा तो देखिए, एक भक्त की पुकार पर माँ गंगा के अति तीव्र वेग को भी सहर्ष अपने मस्तक पर सह लेते हैं। गंगा को जटाओं में धारण करते हैं पर बाद में लोक कल्याण की भावना से मुक्त भी कर देते हैं। दुनिया का नियम यह है कि यहाँ पर प्रत्येक आदमी दूसरों से पाना तो बहुत कुछ चाहता है, लेकिन बाँटना नहीं चाहता। लोक कल्याण एवं लोक मंगल के लिए बाँटना हम सबको भगवान शिव के जीवन से सीखना चाहिए। भगवान शिव किसी से लेते भी हैं तो और अधिक देने के लिए लेते हैं। लोक मंगल के लिए किया गया प्रत्येक कार्य शिव पूजन ही तो है। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से लालसाहब, पर्बतसिंह, निर्भय सिंह, बाला राम, देवीसिंह, लखनसिंह, गुड्डा रघुवंशी, राजकुमार,रेवाराम, वीरसिंह, रामरतन, रमेश, मुन्नादादा, गोबिंद सिंह प्रयागसिंह, काशीराम, रूपनारायण, रामलाल, कमलसिंह एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

# स्कूली विद्यार्थियों ने ग्राम जरोद में निकाली शिक्षा जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



एक संस्था द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ड्रॉपआउट और अनियमित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के प्रयास के तहत ग्राम जरोद में एक प्रभावशाली शिक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में शासकीय प्राथमिक शाला, जरोद पुरा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे गांव में नारे लगाकर शिक्षा के महत्व का संदेश प्रसारित किया।

कार्यक्रम में शाला प्रभारी लाल सिंह अहिरवार एवं शिक्षक सुमन यादव की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही कार्यकर्ता कैलाश नारायण साहू, दीपक मिश्रा, गोविंद कुशवाहा, हजारीलाल पाटस्कर, सरोज विश्वकर्मा, मनीषा पंथी एवं शुभेंद्र यादव भी इस अभियान में प्रमुख रूप से शामिल रहे। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने "हर बच्चे का है अधिकार रोटी, खेल, पढ़ाई , प्यार" जैसे प्रेरणादायक नारों से गांववासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम के ड्रॉपआउट और अनियमित बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना और शिक्षा को हर बच्चे का अधिकार बनाना है। उल्लेखनीय है कि यह अभियान ग्राम चोरावर, भिलाया, साहबा, सतपाड़ा कला में भी सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। यह जनजागरूकता अभियान आगामी 15 अगस्त 2025 तक सतत रूप से विभिन्न ग्रामों में संचालित किया जाएगा। इस मुहिम के माध्यम से न केवल बच्चों को विद्यालय में वापसी के लिए प्रेरित किया जा रहा है, बल्कि ग्रामवासियों में शिक्षा के महत्व को लेकर एक सकारात्मक सोच विकसित करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### डिवाइडर पर सड़क के बीच में लग गए खंभे



**गंजबासौदा।** नगर में स्मार्ट सिटी के तहत बरेठ रोड धर्मकांटा से त्योंदा रोड स्थित बेतोली फाटक तक सडक चौडीकरण एवं बीच में डिवाइडर निर्माण चल रहा है। इसी के साथ जहां जहां डिवाइडर का निर्माण हो चुका है, वहां सडक के बीचों बीच प्रकाश के लिए विद्युत खंभे भी लगा दिए गए हैं। अब आगामी दिनों में इन खंभों पर लाइट लग जाने और सडक के दोनों ओर के खंभे हट जाने से इन सडकों की सुंदरता बढ जाएगी। साथ ही यातायात भी व्यवस्थित हो जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## 25 जुलाई को दिल्ली में जुटेंगे पिछाड़ा वर्ग के हजारों प्रतिनिधि



सिरोंज। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय संयुक्त समन्वयक व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विनोद सेन ने कहा कि राहुल गाँधी का मानना है कि महात्मा फुले,महात्मा गाँधी,जवाहरलाल नेहरू और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर,कर्पूरी ठाकुर के सपनो को साकार करने के लिए ओबीसी वर्ग के हक अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है, आज हासिए पर खड़े वर्ग के सामाजिक,शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए लड़ना होगा। इसके लिए एक मजबूत और जीवंत ओबीसी आंदोलन आवश्यक है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग नई दिल्ली द्वारा 25 जुलाई को ताल कटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व का भागीदारी न्याय महासम्मेलनह्व का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सामाजिक न्याय की आवाज़ मुखर करने तथा देश के बहुसंख्यक पिछड़े वर्ग को हर क्षेत्र में भागेदारी देने तथा जातिगत जनगणना की लड़ाई लड़ कर उसको अंजाम तक पहुंचने का मार्ग प्रसस्त करने वाले, आम आदमी की आवाज़, नेता विपक्ष राहुल गांधी,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष अनिल जय हिन्द यादव,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेन्द्र बघेल सम्मलेन को सम्बोधित करेंगे। तो वही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय संयुक्त समन्वयक व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विनोद सेन ने सभी साथियो से अनुरोध करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने की अपील की।


### हरिभूमि से चर्चा के दौरान बोले हार्दिक हुंडिया....

# यदि प्यार की भाषा बोली जाए तो पत्थर भी हीरा बन जाता है: हार्दिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

किसी भी भाषा के खिलाफ बोलकर भड़काने वाला बयान ना दे,प्यार की भाषा बोले,प्यार बढ़ाने का काम करे। यह बात आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कही। हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से विशेष चर्चा में श्री हुंडिया ने कहा कि मराठी, मारवाड़ी, गुजराती, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्यप्रदेश सभी राज्यो की अलग गलग भाषा है,ऐसी अनेक भाषा है जो भारत देश में बोली जाती वो सभी हमारी भाषा है क्योकी यह माँ भारती की भाषा है,माँ भारत के संतानों की भाषा है।

महाराष्ट्र और गुजरात तो एक ही परिवार से अलग हुए दोनों भाई है। मेरा जन्म स्थल गुजरात के बनासकांठा जिल्ले के डीसा नगर में हुआ है। मैंने जो पढ़ाई की उस स्कूल का नाम है आदर्श हाई स्कूल था। यहाँ पढ़ने वाला हर विद्यार्थी उनका उपकार मानता है। महाराष्ट्र में रहने वाले भी गुज़राती थे। सभी प्रांतों के मुंबई में आने वाले लोग मराठी



भाषा की बहुत कद्र करते है और आगे भी करते रहेंगे। अकोला, धुलिया, पूना, थाना, नासिक, औरंगाबाद और महाराष्ट्र में बसे कई गुजराती, मारवाड़ी ऐसी मराठी भाषा बोलते है कि आप को लगेगा ये तो मराठी ही है। महाराष्ट्र से जो भी इस राज्य को छोड़ के दूसरे राज्यो में गए है उन्होंने भी वहाँ की भाषा को ऐसे बोलते है जैसे आप को लगे की ये तो इसी राज्य के है।

### महाराष्ट्र को मानते हैं जन्मभूमि

हीरा बाज़ार के गुजराती प्रदीप शाह,कपड़ा बाज़ार के राजस्थानी नवीन नाहर इनकी आप मराठी सुनो और गुजरात के बड़ौदा में रहने वाले महाराष्ट्रीयन अतुल बेदाडे की गुजराती सुनो। महाराष्ट्र के कई राजस्थानी भाई तो अभी महाराष्ट्र को ही जन्मभूमि मानते है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि महाराष्ट्र में आने वाले हर प्रांत के लोगो ने तब विकास किया है जब हमारे महाराष्ट्रीयन भाईओ का हमे साथ मिला। महाराष्ट्र में रहने वाले परप्रांतियों के खिलाफ लड़ने वालो से एक बार मेरी विनती है कि हमारे जो महाराष्ट्रीयन भाई जो पर प्रांत में रहते है जरा उनकों पूछो तो सही कितने प्यार से वहाँ रहते है यदि माँ भारत के संतान है, महाराष्ट्रीयन है तो हमारा फ़र्ज़ है, यदि हमारा भाई परप्रांत में सुखी है तो हमारे प्रांत में रहने वाले पर प्रांतीय के साथ भी हम प्यारा भरा व्यवहार करे।

### प्यार मिले तो पत्थर भी हीरा बन जाता है

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि देश के हर नागरिक का फ़र्ज़ है कि आप जो भी प्रांत में रहते हो उस प्रांत की भाषा की कदर करना, सम्मान करना हम सभी का फ़र्ज़ है। वही उन्होने कहा कि मेरी प्रांत में बैठे सभी लोगो से विंनती है कि आप किसी के खिलाफ ना बोले, बोलना है तो दोनों राज्यो में प्यार कैसे बढ़े। ऐसा बोले हम सभी यहाँ प्यार से रह रहे है। आपको हमारी चिंता है तो किसी भी मराठी नेता के खिलाफ ना बोले, देश की हर भाषा का सम्मान करे, ना आता हो तो सीखने की कोशीश करे। भाषा का अपमान देश का अपमान,जो हमारे देश का कोई भी नागरिक नहीं कर सकता। मराठी भाषा का सम्मान करने वाले जो पर प्रांत से आए है,वह जब मराठी में बोलते है तब आप पहचान भी नहीं पाओगे की ये परप्रांतीय है। मेरे भी बहुत मराठी दोस्त है, दोनों जब मिलते है तब प्यार ही बढ़ा है क्योंकि हम उनके साथ मनसे जुड़े है। पत्थर भी हीरा बने,हीरो का ये हार बनाये,आओ हम सभी भारत माता के संतान मिलकर,एकता में ही विश्वास रखें।

### टेढ़ी दीवार देख मिस्त्री पर भड़के सीएमओ

## शौचालय निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ राम प्रकाश

### कल में फिर से दीवार को देखने आउंगा, मुझे दीवार सीधी मिलना चाहिएः राम प्रकाश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के व्यापारियो व आम नागरिको, राहगीरो की समस्याओं को देखते हुए नगर के पुराना बस स्टेण्ड स्थित शौचालयो का निर्माण कार्य किया जा रहा है। तो वही पुराना बस स्टेण्ड पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक युवक वहा पहुचा और मिस्त्री से काम रोकने को कहा। वही उक्त युवक ने मिस्त्री द्वारा बनाई गई दीवार में लगी ईटो व जंगले को निकालकर बाहर फेंक दिया। युवक मिस्त्री से चिल्ला कर बोलता नजर आया कि यह क्या है दीवार ऐसी बनती है यह दीवार पूरी टेढी है। नगर पालिका का पैसे फ्री नही आता है। दरअसल वह युवक और कोई नही नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू थें। जो कि शौचालय निर्माण का निरीक्षण करने पहुचें थें। इसी बीच मिस्त्री द्वारा शौचालय की दीवार को टेडी बनाई जा रही थी। जिस पर सीएमओ राम प्रकाश साहू मिस्त्री पर भडक उठे और उन्होने दीवार में लगी ईटो व जंगले को निकालकर फेंक दिया। वही उन्होने मौके पर ठेकेदार को फोन कर सख्त लैजे में कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाएगी। साथ ही मस्त्री व मजदूर से दीवार को तोडकर सीधी दीवार बनाने की बात कहते हुए कहा कि में कल फिर दीवार को देखने आउंगा। मुझे शौचालय की दीवार सीधी दिखना चाहिए।

## पटवारी के स्थानांतरण पर ग्रामीणों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम चाठोली में विगत 10 वर्षो से पदस्थ पटवारी सुनील शर्मा के स्थानातरण पर वरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार जुनेद खान के निवास पर विदाई समारोह को आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पटवारी श्री शर्मा सिरोंज तहसील के ग्राम चठोली में 2015 से पदस्थ थें जो कि 10 वर्ष तक ग्राम में पटवारी के पद पर रहें। तो वही उनका व्यवहार ग्रामीणो के प्रति काफी अच्छा रहा।

जब भी कोई ग्रामीण अपनी समस्या लेकर सुनील शर्मा के पास पहुचता था तो वह उक्त समस्या का समाधान वह काफी सरल तरीके से किया करते थें। किसी भी समय ग्रामीण अपनी समस्या लेकर उनके पास आए तो उन्होंने उसका नियम अनुसार



निराकरण किया यही कारण है कि उनके स्थानांतरण से ग्रामीणों को काफी दुख हुआ और ग्राम वासियों ने जगह-जगह उनका फूल में माला पहनकर शॉल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। वही ग्रामीणो ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप जहां भी रहे स्वस्थ रहें और इसी तरह ईमानदारी के साथ शासकीय सेवा में रहते हुए लोगों की सेवा करते रहे। इस मौके पर पूर्व शिक्षक अब्दुल रऊफ खान,एडवोकेट जुनैद खान,नोमान हुसैन ने श्री शर्मा को फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत कर विदाई दी। तो वही पटवारी सुनील शर्मा ने कहा कि मुझे चांठोली के लोगों ने कभी पटवारी नहीं समझा बल्कि अपना भाई,बेटा समझ कर मेरा साथ दिया और मेने भी उनको इसी तरह सम्मान दिया।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने की शिष्टाचार भेंट

**सिरोंज।** सिरोंज-सागर लोकसभा क्षेत्रीय सांसद डॉ लता बानखेडे ने लोकसभा में मॉनसून सत्र 2025 के प्रथम दिवस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट कर सत्र की कार्यवाही एवं विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई। इस अवसर पर सांसद डॉ लता बानखेडे ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का मार्गदर्शन सदन की गरिमा एवं कार्यक्षमता को सदैव सुदृढ़ करता है। उनके अनुभव से प्राप्त प्रेरणा आगामी सत्र में जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से रखने में सहयोग करेगी। इस



मुलाकात के दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री से देशहित जनहित और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की और राष्ट्र निर्माण में उनके अनुभव और मार्गदर्शन से प्रेरणा ली। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सत्र की कार्यवाही, संसदीय परंपराओं और आगामी विषयों पर चर्चा करते हुए उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के अनुभवों और विचारों से डॉ. वानखेड़े को महत्वपूर्ण प्रेरणा मिली, जिससे वे आगामी सत्र में जनहित से जुड़े विषयों को अधिक प्रभावी ढंग से उठाने में सहायक होगा जो ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और किसानों की समस्याओं को सशक्त ढंग से संसद में उठाने में सहायक सिद्ध होगा। इस दौरान सांसद दर्शन सिंह,सांसद आशीष दुबे, सांसद अलोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ठेकेदार ने बुद्ध स्तूप के पास हरित क्षेत्र को पोकलेन से किया नेस्तनाबूद

### पुरातत्व और पर्यावरण नियमों की खुली अवहेलना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध ग्यारसपुर एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार कारण चिंताजनक है। यहां स्थित प्राचीन ढैकीनाथ बुद्ध स्तूप के ठीक समीप फैले लगभग तीन से चार बीघा क्षेत्र के हरे-भरे जंगल को जल निगम के ठेकेदार द्वारा भारी मशीनरी से पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है।

इस कार्य के लिए न तो पुरातत्व विभाग की अनुमति ली गई और न ही कोई वैध दस्तावेज सार्वजनिक किए गए हैं। गौरतलब है कि यह क्षेत्र वन विकास निगम के अंतर्गत आता है और पुरातत्व संरक्षण अधिनियम के तहत किसी भी संरक्षित स्मारक से 300 मीटर के दायरे में निर्माण कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित है। बावजूद इसके जंगल की अंधाधुंध कटाई और भूमि समतलीकरण का कार्य किया गया। पुरातत्व विभाग के कनिष्ठ अभियंता संदीप महतो का कहना है कि पुरातत्व विभाग की कोई अनुमति नहीं दी गई है और विभाग ने कार्य रुकवा दिया है। वहीं वन विकास निगम के डिप्टी रेंजर महेंद्र गौर तथा जल निगम के डिप्टी मैनेजर दीपक प्रजापति ने मौखिक रूप से अनुमति होने का दावा तो किया, परंतु जब उनसे लिखित अनुमति की प्रति मांगी गई तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। स्थानीय ग्रामीणों में इस कार्य को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यह बौद्ध स्तूप हमारे गांव की पहचान और आस्था का प्रतीक है। इसकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही की जाए और क्षतिग्रस्त हरित क्षेत्र को पुनर्स्थापित किया जाए।

### नपा का कचरा वाहन सड़क के गड्ढे में फंसा

कुरवाई। जिनकी जिम्मेदारी नगर की सड़कों को साफ सुथरा और गड्ढा मुक्त रखने की है उनकी लापरवाही के चलते उनके खुद के वाहन नगर के मुख्य मार्ग के चेम्बर में फंस गया। नगर में गांधी चौराह पर सुबह कचरा इकट्ठा करने वाली ट्रैक्टर ट्राली जब कचरा लेकर निकल रही थी कभी पुराने थाने के सामने नगरपालिका द्वारा बनाए गए चेंबर की लोहे की जाली टूट जाने के कारण चेंबर में फस गई। गनिमत यह रही कि ट्रॉली पलटी नहीं और किसी को चोट नहीं आई। नगर के मुख्य मार्ग एवं गलियों मैं नालियों एवं पाइपलाइन के चेंबरों लोहे की जालियां नगर पालिका द्वारा लगाई जाती हैं एवं समय-समय पर उनकी रिपेयरिंग की जाती है परंतु लंबे समय से नगरपालिका में स्थाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी रहने से नगर की छोटी-मोटी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है नगर परिषद की अध्यक्षा 15 अगस्त 26 जनवरी के अलावा किसी विशेष मेटिंग में ही नगर कुरवाई में आती हैं। अधिकांश समय भोपाल या विदेश में परिवार के साथ रहती है। जिस कारण नगर के लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अध्यक्षा से मिल नहीं पाते और कर्मचारी मनमानी करते हैं लोग परेशान होते रहते हैं। वर्षा काल में नगर के मुख्यमार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए हो गए हैं , जरा सी बारिश में जल भराव की स्थिति हो जाती है। समस्याओं के निराकरण के लिए शिकायत दर्ज कराओ तो पैसा न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है।

## गांधी संकल्प और सातत्य के प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला सर्वोदय मंडल विदिशा द्वारा गांधीवादी मूल्यों और विचारों को समाज के हर स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वरिष्ठ गांधीवादी डॉ. सुरेश गर्ग की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष श्री रामधीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में रामधीरज सिंह ने कहा गांधी संकल्प और सातत्य का नाम है। उन्होंने वर्ष 1948 में विनोबा भावे की उपस्थिति में स्थापित सर्व सेवा संघ की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह संगठन समाज में चारित्रिक निर्माण और मूल्यपरक जीवनशैली के प्रसार का सृजनात्मक केंद्र रहा है। उन्होंने कहा समाज को चेतनशील और चिंतनशील बनाए रखना सर्वोदय संगठनों का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। हर व्यवसाय और नागरिक को गरिमा और सम्मान मिले, यह गांधी जी की सोच थी, जिसे हम सबको समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। यह कार्य केवल अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही संभव है।

रामधीरज सिंह ने आगामी अक्टूबर माह में बनारस से दिल्ली तक प्रस्तावित सर्व सेवा संघ पदयात्रा में भागीदारी और सहयोग का भी आह्वान किया, जिससे बनारस स्थित संगठन को संरक्षित और सशक्त किया जा सके। बैठक में गांधीवादी विचारों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में ठोस रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ. राजेश बंसल और देवेश आर्य द्वारा किया गया।

मध्यप्रदेश सर्वोदय मंडल के सचिव अंकित मिश्रा तथा भोपाल मंडल के कार्यालय प्रभारी मोहन दीक्षित ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया।स्वागत भाषण जिला संयोजक मोहित रघुवंशी ने दिया। बैठक की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रदेश प्रतिनिधि प्रो. राजित राम द्विवेदी ने प्रकाश डाला। विदिशा जिले के अध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने सभी साथियों से एकजुट होकर सर्वोदय विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में जिला सचिव डॉ. राजेश बंसल ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया।

## भारती माहेश्वरी बनी माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी बनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक हुई। बैठक में मंडल के चुनाव कराए गए। सर्वसम्मति से भारती माहेश्वरी नगर परिषद अध्यक्ष को माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष चुना गया। निशा धीरन को सचिव बनाया गया। रूची राठी को उपाध्यक्ष और रजनी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रमों की योजना बनी। उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी व क्विज प्रतियोगिता

**विदिशा।** इंडियन अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज एवं आईएमए विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) दिवस पर संगोष्ठी व क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल ने बीएलएस और पीडियाट्रिक्स पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे डॉ. एमके जैन ने कहा कि ₹उखड़ती डूबती साँसों को बचाना ही बीएलएस है। बीएलएस जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसे आमजन भी सीख सकते हैं। सचिव डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, स्कूल, टैक्सी चालकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता जताई। क्विज में विजेता टीमों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 180 एमबीबीएस छात्र-छात्राएं, फैकल्टी व आईएपी सदस्य शामिल हुए। संचालन डॉ. प्रियाशा त्रिपाठी व आभार डॉ. हेमंत यादव ने व्यक्त किया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान स्थित अंदर सीमा नगर पालिका वार्ड क्रमांक 25 मुंशी प्रेमचंद वार्ड इंदिरा कॉम्पलेक्स विदिशा म.प्र. जिसका संपूर्ण भूखण्ड क्षेत्रफल 1645.75 वर्गफीट अर्थात 152.9 वर्गमीटर है जो कि दो मंजिला आर.सी.सी. का बना हुआ है जिसकी चर्तुसीमायें पूर्व में मकान एम.आई.जी. 65, पश्चिम में भवन एम.आई.जी 67, उत्तर में भवन एम.आई.जी. 72, दक्षिण में रोड है का मकान स्वामी श्रीमति रिया चुग पत्नी अंकित चुग निवासी भोपाल से क्रय करने का तय होकर ब्याना राशि अदा कर दी है। उक्त पर वर्णित मकान के सम्बंध में किसी बैक, सहकारी संस्था, कोई निजी या सर्वजनिक संस्था या कोई व्यक्ति उक्त मकान के संबंध में कोई ऋण भार या भार बंधक हो या कोई हित रखता हो या किसी भी प्रकार की कोई अंश भाग पर या स्वामित्व के सम्बंध में कोई दावा करता हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा मेरा पक्षकार उक्त वणित मकान का विक्रय पत्र कराने स्वतंत्र होगा कृपया सूचित हो।

भवदीय **राजनारायण तिवारी**
एडवोकेट
कार्या. मेन रोड, वैशाली नगर, विदिशा
मो.नं. 9893974703

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र.**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग ग्यारसपुर में अधिनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार ग्यारसपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 218/अ-6/2020-2021 आदेश दिनांक 28.10.2021 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जिसमें प्रतिअपीलार्थीगण दिनेश कुमार (फौत) वारिसान 01. कलाबाई बेवा दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी दानी गेट के पास 60 कार्तिक चौक उज्जैन म.प्र., आयुष पुत्र दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी 20 अब्दालपुरा ब्रहाम्ण गली उज्जैन म.प्र., रुचि पुत्री दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी सांगानेर मार्ग सनमती वाटिका के सामने जैन ज्योति कॉलोनी भीलवाड़ा म.प्र., शीतल पुत्री दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी वर्धमान कॉलोनी हाउस नम्बर 27 गली नम्बर 03 भीलवाड़ा म.प्र. की तामील इस समाचार पत्र के माध्यम से कराई जा रही है।

अतः अपील में अपना पक्ष रखना चाहते है तो आगामी पेशी दिनांक 30.07.2025 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ग्यारसपुर में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी ग्यारसपुर**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र.**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग ग्यारसपुर में अधिनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार ग्यारसपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 190/अ-6/2020-2021 आदेश दिनांक 01.09.2020 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जिसमें प्रतिअपीलार्थीगण दिनेश कुमार (फौत) वारिसान 01. कलाबाई बेवा दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी दानी गेट के पास 60 कार्तिक चौक उज्जैन म.प्र., आयुष पुत्र दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी 20 अब्दालपुरा ब्रहाम्ण गली उज्जैन म.प्र., रुचि पुत्री दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी सांगानेर मार्ग सनमती वाटिका के सामने जैन ज्योति कॉलोनी भीलवाड़ा म.प्र., शीतल पुत्री दिनेश कुमार जाति भावसार निवासी वर्धमान कॉलोनी हाउस नम्बर 27 गली नम्बर 03 भीलवाड़ा म.प्र. की तामील इस समाचार पत्र के माध्यम से कराई जा रही है।

अतः अपील में अपना पक्ष रखना चाहते है तो आगामी पेशी दिनांक 30.07.2025 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ग्यारसपुर में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी ग्यारसपुर**

## भोलेनाथ के जयकारों के साथ निकली कांवड़ यात्रा, जगह-जगह श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

हिन्दू उत्सव समिति द्वारा भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा की शुरुआत सिरोंज के देवपुर स्थित भगवान विश्वनाथ मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद हुई।

श्रद्धालु कावड़िए 60 किलोमीटर दूर पवित्र कुण्ड से जल भरकर भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ निकले। हाथों में तिरंगा और भगवा ध्वज थामे कावड़िए डीजे की भक्ति धुनों पर नाचते-गाते चल रहे थे।यात्रा का रात्रि विश्राम भन्नाखेड़ा में हुआ, जहां सरपंच राकेश शर्मा ने



कावड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा मार्ग में गोलना, जितेन्द्र मीणा जीरापुर, पैगयाई और सांगुल गांवों में पूर्व विधायक रूद्र प्रताप सिंह ने कावड़ियों को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा की और फलाहार कराया। विभिन्न ग्रामों के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने भी श्रद्धालुओं का स्वागत किया।डंगरवाडा के रामदेव बाबा मंदिर पर पुजारी अशोक सोनी और ग्रामीणों ने अभिनंदन किया। महानीम चौराहे पर सरपंच प्रहलाद यादव, पंडित गौरव तिवारी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण कुमार माहेश्वरी, मुस्लिम त्योहार कमेटी समेत अनेक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।यात्रा का समापन महामाई शिव मंदिर में शिव अभिषेक के साथ हुआ। भोजन व्यवस्था कमल सिंह राजपूत व भगत राजपूत ने संभाली। समापन पर यात्रा प्रभारी रिंकू भार्गव व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कंछेदी कुशवाह सहित समिति के अन्य सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु की संस्कार कक्षाओं का शुभारंभ

**विदिशा।** लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु विदिशा के सत्र 2025-26 की प्रथम संस्कार कक्षा का आयोजन शासकीय एमएलबी विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों का विकास करना था। मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व समाजसेवी लायन अतुल रतनशी शाह ने सफल जीवन हेतु समय प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पी.टी. ऊषा व डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के उदाहरणों से छात्रों को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. ओजस्विनी मेघानी ने नियमित दिनचर्या अपनाने की सीख दी। अध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा ने स्वागत भाषण में अतिथियों का परिचय दिया। कार्यक्रम में क्लब सचिव लायन विनेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष लायन प्रकाश गोयल, प्राचार्य दीप्ति शुक्ला व संस्कार प्रभारी एसके रिछारिया उपस्थित रहे। संचालन केएन शर्मा ने किया। अंत में प्राचार्य व कोषाध्यक्ष ने आभार जताया और अगली कक्षा की घोषणा की गई।

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

## जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मीडिया कार्यशाला आयोजित

# दस्तक अभियान की शुरुआत, कुपोषित बच्चों को तंदुरुस्त करने चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कुपोषित बच्चों को तंदुरुस्त बनाने के लिए जिले में 22 जुलाई से 16 सितंबर तक दस्तक अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए एक लाख 41 हजार 803 बच्चों को चिन्हित किया गया है। यह बात सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने उनके दफ्तर में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही। इस अवसर पर नवागत डीपीएम महेश साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सोमन दास, सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान सहित स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

उन्होंने आगे कहा कि 22 जुलाई मंगलवार से इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। अभी इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गरीब मजदूर ईंट भट्टों, गिट्टी क्रेशरों पर कार्य करने वाले श्रमिकों के कुपोषित बच्चों और गरीब मध्यम वर्गीय लोगों के बच्चे यदि कुपोषित है तो उन्हें चिन्हित करके दवाओं के डोज से सेहतमंद बनाया जाएगा। उन्होंने इस दस्तक अभियान से जुड़ी सभी जानकारियां वर्कशॉप में उपस्थिति मीडिया कर्मियों और जिले को पत्रकारों को उपलब्ध कराईं।

### गठित जांच टीम में 240 स्वास्थ्य अधिकारियों को किया शामिल

जिले में 240 स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित की गई है इस टीम में सीएचओ, एक एएनएम, एक आशा कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। टीम के सदस्य कुपोषण उल्टी दस्त एनीमिया और विटामिन ए की जांच करके उन्हें जरूरी दवाइयां वितरित करेंगे।




आशा कार्यकर्ता और एएनएम इन कुपोषित बच्चों को दवाइयां का नियमित डोज देंगी।

### यह स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग

सीएमएचओ डॉ मांडरे ने बताया की जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीपीएम जिला टीकाकरण अधिकारी बीएमओ स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेगी। कहां क्या कमी है इसकी पूर्ति के लिए वह हमेशा सजग रहेगी। आयरन की टेबलेट विटामिन ए की खुराक देने के लिए टीम हमेशा अलर्ट रहेगी और अपने अधीनस्थ स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देंगे।



### अभियान में टीम रहेंगी सक्रिय

*जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुमन दास ने कहा कि विश्वास टीम में दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए कमर का कसली है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी, आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एनएनएम दस्तक देकर शून्य से 5 साल तक के बच्चों और एनीमिया से पीड़ित बच्चों का उपचार करेगी।*

### शून्य से 5 साल के बच्चे किए जाएंगे अभियान में चिन्हित

डीपीएम महेश साहू ने कहा कि इस दौरान दस्तक अभियान मे 0-5 वर्ष के बच्चों की हीमोग्लोबिन, कुपोषण, की जांच एवं उपचार दस्त रोग के संबंध मे प्रचार-प्रसार करते हुए ओ.आर.एस घोल. एवं जिंक टेबलेट का वितरण आदि कार्य किए जाएंगे। बनाए गए दस्तक दल द्वारा माईक्रोंप्लान के अनुसार किया किया जाएगा कार्य रहा है।इस दस्तक अभियान में जो बच्चे अतिकुपोषित कुपोषित मिलेंगे उन्हें नजदीकी पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती करवाकर इलाज कराया जाएगा।

### अभियान मील का पत्थर होगा साबित

*सिविल सर्जन डॉक्टर यशपाल सिंह बालियान ने कहा की दस्तक अभियान बच्चों की सेहत सुधारने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत शून्य से 5 साल तक के बच्चों कि घर-घर दस्तक देकर जांच की जाएगी उनमें कुपोषण एनीमिया के लक्षण की जांच कर उन्हें जरूरी दवाइयां तो दी जाएंगी।साथ ही बच्चों में जन्मजात बीमारियां को पोषण एनीमिया डायरिया की भी जांच कराई जाएगी।*


## पुलिस नहीं लगा पाई चोरी का कोई सुराग

# चोरों ने सूने घर के ताले तोड़ ले उड़े चांदी के जेवरात व नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन चोरों द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बावजूद भी पुलिस का हाथ इन चोरों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उनके हौसलें बुलंद है।

बीती दरमियानी रात को नगर की डॉ हेडगेवार कॉलोनी को निशाना बनाते हुए चोरों ने श्याम सिंह राजपूत के सूने घर पर धावा बोला। गेट के ताले तोड़कर घर में घुसे चोरों ने चांदी के आभूषण जिसमें नारियल, एक जोड़ी पायल और दो जोड़ी बिछुड़ी सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पड़ोसियों ने चोरी होने की सूचना श्याम सिंह को दी, जब श्याम सिंह ने घर पहुंचकर देखा तो गोदरेज की अलमारी और सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमारी से आभूषण एवं नगदी गायब थे, जिसकी सूचना उनके द्वारा पुलिस को दी। पुलिस अज्ञात



चोरों के खिलाफ मामला दर्ज जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बता दें कि श्याम सिंह भोपाल में नौकरी करते है, जिसके चलते वह सांची कभी कभार ही आते है। सूने घर का फायदा उठाते हुए चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पूर्व में हुई चोरी की वारदातों का भी सांची पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है, जिससे चोरों के हौसलें काफी बुलंद है।

## खेत में धान रोपते समय में दो महिलाओं को लगा बिजली करंट, एक की मौत, दूसरी घायल

**रायसेन।** जिले के थाना देवनगर के तहत एक किसान के खेत में मंगलवार को धान के पौधे रोपते दो महिला मजदूरों बिजली करंट की चपेट में आ गई थी। समय पर 108 एम्बुलेंस के चालक को कॉल करने के बाद भी समय पर नहीं पहुंची। इलाज के अभाव में एक महिला श्रमिक की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जननी एम्बुलेंस,108 एम्बुलेंस बेपटरी हो गई हैं। जिले के स्वास्थ्य राज्य मंत्री के गृह जिले में एम्बुलेंस सुविधा स्ट्रेचर पर होने के आरोप भी लगाए गए हैं।एक महिला की इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई दुखद मौत।

# विद्यार्थियों के हनुमान चालीसा से गूंजा मानस सत्संग भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर में चल रहे शिवलिंग निर्माण महोत्सव के दूसरे दिन नगर के सिंपल आरके एजुकेशन स्कूल, मानिक लाल नाहर स्कूल और गुरूकुल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया। शिवलिंग निर्माण के साथ भक्ति गीत और ओम नमः शिवाय के स्वरों से मानस भवन गूंज उठा।

प्रातः काल से ही छात्रों में गजब का उत्साह देखा गया। अपनी कलां का प्रदर्शन करते हुए भिन्न-भिन्न रूपों में बहुत ही आकर्षक पार्थिक शिवलिंगों का निर्माण किया गया।



द्वितीय दिवस कार्यक्रम में मुक्त वक्ता देवी रत्नमणि द्विवेदी सहित नगर परिषद सीएमओ हरिशंकर वर्मा, समाजसेवी राघव भूतडा, ओमप्रकाश चतुर्वेदी, विपिन श्रीवास्तव, अनिल धाकड़ सहित अन्यों की उपस्थिति रही।

### होगा बाल कवि सम्मेलन

देवी रत्नमणि ने छात्रों से संवाद करते हुए मंदिरों में उनकी वेशभूषा, नित्य प्रतिदिन पूजन, और मोबाइल के कम उपयोग के विषय में बताया साथ ही बच्चों को गीता श्लोक का अनुवाद भी बताया। गुरूवार को बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शुक्रवार को पूज्य ब्रम्हचारी जी मांगरोल वाले गुरूजी, क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के सानिध्य में कार्यक्रम का समापन होगा।

# अली पब्लिक स्कूल में अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड 18 स्थित अली पब्लिक इंग्लिश स्कूल में अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए।

अली पब्लिक स्कूल में 2024-2025 के क्लास टॉपर्स एवं पूर्व में हुए ऐनुअल फंग्शन में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल एडवोकेट सैयद फरहान अली, हाजी अय्यूब कुरेशी सम्मिलित हुए। अली पब्लिक स्कूल के संचालक सादिक खान तथा स्कूल स्टाफ, शिक्षकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

उल्लेखनीय है कि वार्ड 18 चोपड़ा मोहल्ला स्थित खाद गोदाम के सामने पिछले 4 साल से चल रहा अली पब्लिक स्कूल उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। यही वजह है कि स्कूल में इस साल बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रवेश लिया है। रायसेन में बहुत ही अच्छी शिक्षा डिसिप्लिन मैनर्स वाला अली पब्लिक स्कूल का दिनांक 15 जून 2022 को शुभारंभ हुआ। अली पब्लिक स्कूल रायसेन निरंतर प्रगति कर रहा है।

## उमस व गर्मी से मिली राहत

# एक सप्ताह बाद दीवानगंज क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बारिश से दीवानगंज के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र तर बतर हो गए है। मंगलवार की देर शाम शुरू हुई बारिश से जहां खेत में पानी लग गए वहीं सड़कों पर भी



जगह-जगह पानी भर गया। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई हैं। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई हैं उधर किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आई। 7 दिन से क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही थी इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरों पर भी रौनक आ गई। बारिश न होने के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी थी, जिससे किसान धान की रोपाई करने को लेकर मायूस दिखाई दे रहे थे।

# डेफोडिल्स स्कूल में हुआ अनुभव की बातें कार्यक्रम

## *छात्रों को नगर क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत से कराया अवगत*

रिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की शैक्षणिक संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल सीबीएसई ब्रांच बरेली में आयोजित प्रेरणादायक पॉडकास्ट, अनुभव की बातें, कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारें वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सुरेश बिदुआ ने छात्रों के साथ अपने संघर्षपूर्ण जीवन के अनुभव सांझा किए और जीवन में सकारात्मक सोच, आत्म विश्वास एवं धैर्य की महत्ता पर जोर दिया।

अपने वक्तव्य में बिदुआ ने बरेली के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पक्षों पर भी प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों को अपने शहर को जानने और उस पर गर्व करने का अवसर मिला। माता-पिता के योगदान, युवाओं की जिम्मेदारी

छात्रा ने किया पत्रकार से साक्षात्कार, पूछे प्रश्न




और सच्ची सफलता के अर्थ को सरल शब्दों में समझाया।

उन्होंने कई प्रेरणादायक कहानियों और संस्मरणों से बच्चों के जीवन को गहरे मूल्य समझाए और उनके भीतर नई उर्जा का संचार किया। कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है, लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त की जा सकती है, साथ ही इस पॉडकास्ट कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि एक छोटे शहर में ऐसा रचनात्मक और प्रेरणादायक मंच अत्यंत सराहनीय है। यह छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविकास का एक बेहतरीन अवसर देता है।

### छात्रों ने लिया साक्षात्कार

*इस विशेष पॉडकास्ट का संचालन विद्यालय की कक्षा नवमीं की छात्रा श्रेया द्विवेदी ने आत्मविश्वास और सहजता के साथ किया। जिसने कार्यक्रम की गरिमा को ओर बढाया। पत्रकार हमेशा लोगो के चर्चा और साक्षात्कार करते है। परंतु विद्यालय की छात्रा श्रेया द्विवेदी ने निर्भीकता के साथ विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे उनका पत्रकार बिदुआ ने सहज सरल ढंग से उत्तर देकर छात्रों को संतुष्ट किया। डेफोडिल्स परिवार ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए आशा जताई कि ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम भविष्य में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।*

## ट्रेक्टर-ट्राली पलटने से एक की मौत, तीन व्यक्ति हुए घायल

**सिलवानी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खमकुआं-विलगवां सर्रा के जंगल में सोमवार रात करीब 12 बजे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में राधेलाल नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रॉली में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार मृतक राधेलाल मूंग बेचने सिलवानी आए थे और वापसी में ट्रैक्टर से नगझिरी की ओर जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर सर्रा के जंगल के पास पहुंचा, चालक को अचानक सामने कुछ दिखाई दिया, जिससे घबराकर उसने स्टेयरिंग मोड़ा और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खंती में पलट गया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया एवं शव का पीएम करवा कर परिजनों को सौंपा।

## निकलेगी विशाल कलश यात्रा

# सिद्ध धाम में श्रीमद् भागवत कथा 25 जुलाई से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

आगामी 25 जुलाई को प्राचीन सिद्ध धाम भूतेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा से पूर्व नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली



जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सिद्ध भूतेश्वर धाम पर पहुंचकर समाप्त होगी।

नगर के प्रतिष्ठित रामायण प्रखंड वक्ता धर्माधिकारी पं. महेश प्रसाद शर्मा के मुखारविंद से क्षेत्र के लोग भागवत कथा का रसपान करेंगे। नगर धार्मिक सेवा समिति द्वारा आयोजन को तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर में लंबे समय बाद विद्यमान पं. महेश प्रसाद शर्मा की श्रीमद् भागवत कथा होने से लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अपनी मधुर वाणी और राम रस रामायण पारायण रसिया के रूप में पहचान की जाती है। कथा 25 से 31 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। कथा का समय 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

## कलेक्टर बोले-सीएम के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा

# सीएम ने वीसी से की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंत्रालय भोपाल में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश में उर्वरक वितरण, अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर्स तथा वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीसी कक्ष से कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे सहित संबंधित अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस में सम्मिलित हुए।

वीसी के उपरांत कलेक्टर द्वारा संबंधित जिला अधिकारियों तथा सभी एसडीएम को मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिले में कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन्होंने कृषि अधिकारी और सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। विक्रय केन्द्रों पर किसानों की संख्या अधिक होने पर अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी




ना हो या नकली उर्वरक विक्रय ना हो, इसके लिए अधिकारी निरंतर निजी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर उर्वरकों के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे। साथ ही स्टॉक रजिस्टर, विक्रय रजिस्टर की भी जांच करें।

कलेक्टर ने बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में कहीं भी बाढ़ या जलभराव होने की सूचना प्राप्त होने पर तुरंत कार्यवाही प्रारंभ की जाए। इसी प्रकार समीपस्थ जिलों से डेम के गेट खोले जाने की जानकारी प्राप्त होते ही तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं। साथ ही प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को भी विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाए, जिससे कि अव्यवस्था ना बने।

### बाढ़ कंट्रोल रूम बनाया, लेकिन लैंडलाइन मोबाइल नंबर नहीं होता रिसीव

*रायसेन। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा बाढ़ से राहत के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष तो बना दिया। लेकिन इसमें जो लैंडलाइन नंबर 07482-229040 और मोबाइल नंबर किसी शिवकांत पाण्डेय का 8085523116 डाले गए हैं । वह कभी रिसीव नहीं होते । लैंडलाइन नंबर पीएचईडी का है और लैंडलाइन नंबर किसी शिवकांत पांडे का है। जब कभी कोई परेशान शख्स बाढ़ पीड़ित सेंटर पर फोन लगाकर मदद मांगेंगे। आखिर वह किससे बात करेंगे। यह बड़ा आश्चर्य की बात है। जिला प्रशासन के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी और पीएचई विभाग के अधिकारी कलेक्टर को भी गुमराह करने से नहीं चूकते। इस मामले की जांच होना बेहद जरूरी है।*

# अधिकारियों ने कुण्डाली व बम्होरी मिडिल स्कूल का किया निरीक्षण

## निरीक्षण दल में एसडीएम, बीईओ व बीआरसी रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जिला प्रशासन के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा नगर व अंचल की शासकीय शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण की कड़ी में एसडीएम पीसी शाक्य, बीईओ रानी अहिरवार और बीआरसीसी महजबी सिद्धीकी द्वारा अंचल की कुण्डाली व बम्होरी शालाओ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम कुण्डाली स्थित माध्यमिक शाला में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था नहीं मिली, जगह-जगह कचरा पड़ा हुआ था। मध्यांह भोजन की गुणवत्ता तथा मीनू व्यवस्था पर भी अधिकारियों ने असंतोष जाहिर करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

स्कूल परिसर की सफाई से असंतुष्ट रहे एसडीएम



क्षतिग्रस्त भवन को टाइप ऑप करने तथा पौधरोपण के निर्देश दिए।

बम्होरी स्थित कन्या उमा विद्यालय में भी अनियमित्ताओं से निरीक्षण दल को रुबरु होना पड़ा। यहां पर शाला समय पर ना लगना पाया गया। जिस पर अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि समय पर शाला का संचालन, विद्यार्थियों को पुस्तको का वितरण तथा पौधरोपण किया जाए। निरीक्षण में अधिकारियों को शालाओं में अनियमित्ताएं देखने मिल रही हैं। उन्होंने शाला प्रबंधनों को निर्देश दिए है कि 15 दिन में व्यवस्थाओ में सुधार करें। यदि पुनः निरीक्षण में खामी पाई जाती है तो सख्त कार्रवाही की जाएगी।